St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar (2nd term) **Class**: 3 **Date**:15.06.2020

Topic - मुहावरे और अपठित गद्यांश **Answer worksheet -20**

निम्न मुहावरों के अर्थ लिखो :-

1) अक्ल का दुश्मन - मूर्ख व्यक्ति

2) अगर - मगर करना - टाल मटोल करना

3) कलई खुलना - पोल खुल जाना

4) चिकना घड़ा होना - ढीठ व्यक्ति

5) कान भरना - चुगली करना

मुहावरों से खाली जगह भरो :-

6) भारत के लोग अतिथि के लिए आँखें बिछाना हैं।

7) रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेज़ों के छक्के छुडा दिए।

8) इस सवाल को हल करना मेरे बाएँ हाथ का खेल है।

9) कीमती घड़ी खो जाने पर पिताजी लाल - पीले हो गए।

10)चोर पुलिस को देखते ही नौ - दो ग्यारह हो गया।

निम्न मुहावरों से वाक्य बनाओ :-

11) आँखें दिखाना - हम भाई - बहन में लड़ाई होने पर माँ आँख दिखाने आई।

12)आस्तीन का साँप - हमें आस्तीन का साँप जैसे लोगों से दूर रहना चाहिए।

13)हाथ - पाँव फूलना - दादाजी के तबियत ख़राब होने से सबके हाथ - पाँव फूल गए।

14)ऊँगली उठाना - हमें दोस्तों पर ऊँगली नहीं उठानी चाहिए।

15)आँख लगना - किताब पढ़ते पढ़ते मेरी आँख लग गई।

अपठित गद्यांश :-

पुस्तकें मानव जीवन का प्रमुख अंग हैं | महात्मा गाँधी ने पुस्तकों को सच्चा मित्र कहा है |पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं | पुस्तकें पढ़ने जैसा आनंद और किसी में नहीं हैं | पुस्तकें समाज को भी बदल देती हैं |पुस्तकें अकेलेपन की साथी हैं और मनोरंजन का सर्वोत्तम साधन भी हैं |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

16) पुस्तकें किसका प्रमुख अंग हैं ?

उ) पुस्तकें मानव जीवन का प्रमुख अंग हैं |

17)किसने पुस्तकों को सच्चा मित्र कहा है ?

उ) महात्मा गाँधी ने पुस्तकों को सच्चा मित्र कहा है |

18)पुस्तकें किसका भंडार होती हैं ?

उ) पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं |

19)विलोम शब्द लिखो :- ज्ञान - अज्ञान

20)वाक्य बनाओ :- मनोरंजन - पिकनिक भी मनोरंजन का एक साधन है |

Poonam Mehra